समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 26 August 2026

# स्विट्जरलैडं मे भंारतीय मूल की उद्योगपति वसुंधरा ओसवाल ने लगाया नस्लभेद का आरोप, वीडियो शेयर कर कहा- 'आप भारत मे नंहीं है' ˙

Sanket Morankar

Published on 08 Jul 2026




भारतीय मूल की उद्योगपति और अरबपति कारोबारी पंकज ओसवाल की बड़ी बेटी **वसुंधरा ओसवाल** ने स्विट्ज़रलैंड में अपने साथ नस्लभेद (Racism) और विदेशी विरोधी मानसिकता (Xenophobia) का सामना करने का आरोप लगाया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा किया है, जिसमें एक पड़ोसी उनके परिवार से बहस करता हुआ दिखाई देता है और कहता है, **"आप भारत मे नंहीं है।"**

वसुंधरा ओसवाल के अनुसार, यह घटना उस समय हुई जब उनका परिवार गुरुवार दोपहर अपने घर के बाहर लॉन मोवर का इस्तेमाल कर रहा था। वीडियो में पड़ोसी इस पर आपत्ति जताते हुए कहता है कि वे स्विट्ज़रलैंड में हैं, भारत में नहीं। इस पर वसुंधरा जवाब देती हैं कि उस समय लॉन मोवर चलाने पर कोई कानूनी प्रतिबंध नहीं है।

वीडियो साझा करते हुए वसुंधरा ने स्विट्ज़रलैंड में नस्लभेद और विदेशी विरोधी व्यवहार को गंभीर समस्या बताया। उन्होंने दावा किया कि देश में रहने वाले लगभग **17 प्रतिशत लोगों** ने किसी न किसी रूप में नस्लीय भेदभाव का सामना करने की बात कही है। उनके अनुसार, यह समस्या अक्सर सामने नहीं आती क्योंकि ऐसे मामलों का रिकॉर्ड रखने की व्यवस्था अन्य देशों की तुलना में कम संगठित है।

वसुंधरा ने अपनी पोस्ट में लिखा कि उनका परिवार पिछले आठ वर्षों से स्विट्ज़रलैंड में रह रहा है और वहां उन्होंने देश के सबसे बड़े निजी आवासों में से एक का निर्माण कराया है। इसके बावजूद उन्हें कई बार उनकी भारतीय पहचान और त्वचा के रंग के कारण पूर्वाग्रह का सामना करना पड़ा।

उन्होंने भारतीयों से अपील की कि वे स्विट्ज़रलैंड को पर्यटन, शिक्षा या स्थायी निवास के लिए चुनने से पहले वहां के सामाजिक माहौल को भी समझें। उनका कहना था कि लोगों को यह विचार करना चाहिए कि क्या वे ऐसे स्थानों पर अपना समय और धन

खर्च करना चाहते हैं, जहां भारतीयों और उनकी संस्कृति को सम्मान की दृष्टि से नहीं देखा जाता।

## कौन है वसुंधरा ओसवाल ?

वसुंधरा ओसवाल उद्योगपति **पंकज ओसवाल** और **राधिका ओसवाल** की बेटी हैं। उन्होंने स्विट्जरलैंड से फाइनेंस में ऑनर्स की पढ़ाई की है और उन्हें **Economic Times Inspiring Woman of the Year** तथा **Global Youth Icon Award 2023** सहित कई सम्मान मिल चुके हैं। वह अपने परिवार के साथ स्विट्जरलैंड स्थित **Villa Vari** नामक आलीशान आवास में रहती हैं, जिसे देश के सबसे महंगे निजी घरों में से एक माना जाता है।

फिलहाल इस वीडियो और वसुंधरा ओसवाल के आरोपों पर संबंधित स्विस अधिकारियों या पड़ोसी की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Sanket Morankar, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.